।। जय जय दयानन्द ।। ।। जय माँ आनन्दमयी ।। ।। जय जय सम्पदानन्द ।।

।। शक्ति - साधना ।।

पं0 दिगम्बर झा (9279259790)

स्वयं अति सरल विधि से करें नवरात्र में शक्ति की उपासना

प्रथम संस्करण : संवत् 2072

प्रकाशक :
प्रज्ञा प्रकाशन

मूल्य : 30.00 रु. मात्र

।। जय जय दयानन्द ।। ।। जय माँ आनन्दमयी ।। ।। जय जय सम्पदानन्द ।।

ध्यानमूलं गुरोर्मूर्त्तिः पूजामूलं गुरोर्पदम् ।
मन्त्रमूलं गुरोर्वाक्यं मोक्षमूलं गुरोर्कृपा ।।

सादर समर्पित
स्मामी श्री श्री देवचन्द्र पाठक (करियन) के चरण-कमलों में
आंग्ल दिनांक : 23/8/2015

भूमिका

प्रफुल्लित मन से शक्ति-उपासकों के लिए शाक्ति-साधना प्रस्तुत करते हुए अतिशय आनन्दानुभूति कर रहा हूँ । यद्यपि इस पुस्तक का लेखन कार्य तो सन् 2012 ई0. में ही आरम्भ हो चुका था पर पाठकों तक पहुंचाने में 3 वर्ष लग गए ।

बाजार में अनेकों पूजा-पद्धति एक-से-एक उपलब्ध हैं जो विद्वानों के लिए बहुत उपयोगी भी सिद्ध होते हैं । पर जो विद्वानों के लिए उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं वही पुस्तक सामान्य पुरोधाओं के लिए जटिल हो जाते हैं । सामान्य ज्ञानी पुरोधाओं के साथ थोड़ा-बहुत संस्कृत ज्ञान रखने वाले भक्तों के लिए भी एक ऐसी पुस्तक का सर्वथा अभाव है जिसके माध्यम से सहजतापूर्वक शक्ति की उपासना की जा सके। इन्हीं विचारों के साथ मेरे मन में इस पुस्तक को लिखने की भावना आई और गुरुकृपा से यह कार्य समयानुसार सम्पन्न भी हो गया । पुस्तक की आवश्यकता का आभास तब जाकर हुआ जब शारदीय नवरात्र (जो आश्विन माह में होता है) में ब्राह्मणाभाव चरम सीमा से भी अधिक होता है और यजमान खर्च करने के बाद भी उचित विधि से पूजनादि नहीं कर पाते या स्वयं करने को विवश हो जाते हैं पर सामान्य विधि के किसी पुस्तक का अभाव होने के कारण असंतुष्ट रहते हैं । कदाचित अर्थाभाव अथवा अतिकृपणता के कारण भी कुछ भक्त योग्य ब्राह्मणों को आचार्य के रूप में नियुक्त नहीं कर पाते ऐसा भी देखा जाता है । इन सभी विवशताओं

में शक्ति-साधकों के लिए यह पुस्तक अति उपयोगी सिद्ध होगा कारण कि पुस्तक को इन्हीं परिस्थितियों के कारण लिखा गया है । संस्कृत के जटिल मंत्रों को भी यथासंभव सरल रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है । पूजा गृह की तैयारी एवं कलश स्थापन की विधि को सचित्र अंकित किया गया है ।

वर्त्तमान समय में आमजन की बात कौन करे ब्राह्मण भी संस्कृत से दूरी बना चुके हैं । इस विकट स्थिति में अनेकों अच्छी पुस्तको का उपयोग घटने लगा है । इस कारण यह आवश्यक ही नहीं अनिवार्य हो गया है कि जनमानस की भावना का सम्मान करते हुए जटिलता को समाप्त कर सरलता अपनाई जाय पर इसका यह तात्पर्य कदापि नहीं की संस्कृत से दूरी बढ़ेगी बल्कि इसके विपरीत यह खाई भी थोड़ा ही सही लेकिन घटेगी । ऐसा प्रयास करके मुझे आत्मसंतुष्टी मिलती है ।

टंकन दोष, अल्प ज्ञान आदि अनेक ऐसे कारण हैं कि पुस्तक में अशुद्धि होगी । विज्ञ जनो से आशीर्वाद के साथ सुधार का भी विश्वास है ।

पं0 दिगम्बर झा
23/8/2014

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ	विषय	पृष्ठ
1. नवरात्रव्रत मुहूर्त्त निर्णय	6	13. गणेशाऽम्बिका पूजा	22
2. नवरात्र व्रत माहात्म्य	9	14. कलशस्थापन विधि	23
3. सप्तशती पाठ महिमा	11	15. दुर्गा पूजा	28
4. पूजन सामग्री	12	16. नवदुर्गा पूजन मंत्र	32
5. कलश स्थापन से एक दिन पहले	13	17. नवकुमारी पूजन मंत्र	33
6. पूजा से पहले	14	18. श्री भगवती स्तोत्रम्	34
7. पूजन व्यवस्था चित्र	15	19. आरती	35
8. पूजा विधान	16	20. पुष्पांजलि	35
9. स्वस्तिवाचन	17	21. हवन	36
10. पंचदेवता पूजा	19	22. सप्तशती हवन विशेष	40
11. विष्णु पूजा	20	23. दशमहाविद्या स्तोत्र	43
12. संकल्प	21	24. दुर्गा, काली व रुद्र गायत्री	43
		25. नवरात्र पंचांग	44

" नवरात्रव्रत - मुहूर्त्त निर्णय "

" शरत्काले महापूजा क्रियते या च वार्षिकी । तस्यां ममैतन्माहात्म्यं श्रुत्वा भक्तिसमन्वितः ।।
सर्वा बाधा विनिर्मुक्तो धनधान्य सुतान्वितः । मनुष्यो मत्प्रसादेन भविष्यति न संशयः ।। "

ऐसे तो वर्ष में चार नवरात्र होते हैं - 1. चैत्र, 2. आषाढ़, 3. आश्विन और 4. माघ । लेकिन चारों नवरात्रों में शारदीय (आश्विन) नवरात्र का अपना विशेष महत्व है और इसी का महत्व सप्तशती के इस श्लोक में भगवती ने अपने मुखारविन्द से वर्णन किया है :

"जो भक्तगण श्रद्धा-भक्ति से शरत्कालीन नवरात्र में मेरी पूजा-अराधनादि करते हैं और माहात्म्य को भक्ति भाव से सुनते हैं वो मेरी कृपा से समस्त बाधाओं से मुक्त होकर धन, अन्न और संतानादि से सुशोभित होते हैं इसमें कुछ भी संशय नहीं है । "

इस कारण शारदीय नवरात्र की प्रासंगिता बढ़ जाती है एवं भक्तगण श्रद्धा-भक्ति-भाव युत होकर शारदीय नवरात्र व्रत-पूजनादि करते हैं । एकभुक्त, नक्त, फलाहार, निराहार, जलाहार, निर्जला आदि विधियों से श्रद्धालुओं को प्रतिवर्ष नवरात्र व्रत करते देखा जा रहा है । नवरात्रव्रत में चारों वर्णों को अधिकार प्राप्त है । स्नानादि कर राजोपचार, षोडशोपचार, दशोपचार पंचोपचार वा अभाव में जल-पुष्पादि से ही देवी की पूजा की जाती है । मानसपूजा का महत्व इन सबसे अधिक होता है ।

एकभुक्तेन नक्तेन तथैवाऽऽयाचितेन च । पूजनीया जनैर्देवी स्थाने स्थाने पुरे पुरे ।।

गृहे गृहे शक्तिपरे ग्रामे ग्रामे वने वने । स्नातैः प्रमुदितैर्हृष्टैर्ब्राह्मणैः क्षत्रियैर्नृपैः ।।
वैश्यैः शूद्रैर्भक्तियुक्तैः म्लेच्छैरन्यैश्च मानवैः। सम्यक्कल्पोदिता पूजां यदिकर्तुं न शक्नुयात् ।।
उपचारांस्तथा दातुं पञ्चैतान् वितरेत्तदा । गन्धं पुष्पं च धूपं च दीपं नैवेद्यमेव च ।।
अभावे पुष्प-तोयाभ्यां तदभावे तु भक्तिः ।।

नवरात्र-व्रत में सर्वत्र सूर्योदयकालीन तिथि के ग्रहण का निर्णय कहा गया है :-

भगवत्याः प्रवेशादि-विसर्गान्ताश्च याः क्रियाः। रवेरुदयगामिन्यां ताः सर्वाःकारयेद् बुधैः ।।

नवरात्र-व्रत में देवी का आवाहन-स्थापन-विसर्जन, पूजा-जप-पाठादि प्रातः काल ही करना चाहिए :-

प्रातरावाहयेत् देवीं प्रातरेव प्रवेशयेत् । प्रातः प्रातश्च सम्पूज्य प्रातरेव विसर्जयेत् ।।

स्थान में प्रतिमा पूजा होती है और वहां बिल्व रूपात्मिका दुर्गा भी स्थापित की जाती है । षष्ठी को सायंकाल बिल्वाभिमंत्रण कर अगले दिन सप्तमी को प्रातःकाल ही उन्हें लाना चाहिए साथ ही अन्य पत्रिका-प्रवेश भी प्रातः ही करनी चाहिए एवं पूजा भी करनी चाहिए । महानिशा पूजा में निशीथव्यापिनी अष्टमी ग्राह्य है । यदि दोनों दिन अष्टमी निशीथव्यापिनी हो तो अगले दिन नवमी युक्त ग्रहण करनी चाहिए । यदि सप्तमी युक्त अष्टमी निशीथव्यापिनी हो व अगले दिन निशीथव्यापिनी अष्टमी न हो तो सप्तमी युक्त अष्टमी ही ग्रहण करना चाहिए । यदि दोनों दिन में से किसी भी दिन **निशीथव्यापिनी** अष्टमी प्राप्त न हो तो सूर्योदयकालीन अष्टमी को महानिशापूजाकरनी चाहिए :-

पूर्वेद्युरपरेद्युश्चेन्निशीथव्यापिनी तिथिः । परेद्युरेव सा ग्राह्याऽऽष्टमी न सप्तमीयुता ।।

अष्टमी नवमीयुक्ता नवमी चाष्टमीयुता । अतीव सा प्रशस्ता स्यात् देव्याः पूजनकर्मणि ।।
महाष्टम्याश्विनेमासि शुक्ला कल्याणकारिणी । सप्तम्या संयुता कार्या मूलेन तु विशेषतः ।।
उभयत्र दिने न स्यात् निशीथव्यापिनी यदा । तथा परैव संग्राह्या रवेरुदयगामिनी ।।

विजयादशमी भी उदयगामिनी ही ग्राह्य है :-

सूर्योदये यदा राजन् दृश्यते दशमीतिथिः । आश्विने मासि शुक्ले तु विजयां तां विदुर्बुधाः।।
उदये दशमी किंचित् सम्पूर्णैकादशी यदि । श्रवणर्क्षं यदा काले सा तिथिर्विजयाऽभिधा ।।
ईषत् सन्ध्यामतिक्रान्तः किंचिदुद्भिन्नतारकः । विजयो नाम कालोऽयं सर्वकार्यार्थ सिद्धिदः ।।

अर्थात् देवी की पूजा पाठादि आदि श्रद्धालुओं को प्रातः काल ही सम्पन्न करना चाहिए । सम्प्रदाय विधानादि से काल परिवर्तन होते देखा जाता है । पर यह स्मरण रखना चाहिए कि किसी भी कार्य को उचित विधान से किया जाय तभी सफलता की आशा की जा सकती है अन्यथा व्यर्थ का परिश्रम ही होता है । साधकों को अनावश्यक परिश्रम, प्रदर्शनादि से पूर्णतः वंचित ही रहना चाहिए । प्रायः निशापूजा (जगरना) विवादास्पद ही रहता है जिसका कारण है अनेक प्रकार के पंचांगों द्वारा की गई गणना में अंतर आना, कुछ प्रभावपूर्ण पंडितों का वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास करना आदि । शक्ति-साधकों से मेरा नम्र निवेदन होगा कि आप इन सब के चक्कर में न परकर वेधसिद्ध पंचांगों के निर्णय को स्वीकार करें । अखबारों में छपने वाली तिथी, नक्षत्रादि प्रायः वेधसिद्ध होती है । साधकों के लिए प्रस्तुत पुस्तक में हम 2020 ई0 तक के शारदीय नवरात्र के लिए वेधसिद्ध मुहूर्त्त निर्णय भी दे रहे है ।

नवरात्र-व्रत-माहात्म्य

पुराणों में नवरात्र व्रत की बड़ी महिमा बताई गई है । सृष्टि के आरंभ से ही नवरात्र व्रत को ब्रह्मा, विष्णु आदि ने करना प्रारम्भ कर दिया था । वर्ष में यों तो चार नवरात्र होते हैं - चैत्र, आषाढ़, आश्विन और माघ महीनों में लेकिन शारदीय नवरात्र इनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण व प्रचलित है साथ ही वासन्तीय नवरात्र भी विशेष रूप से मनाया जाता है। नवरात्र व्रत का आध्यामिक महत्व तो है ही भौतिक महत्व भी कम नहीं है । जब ऋतु-संक्रमण का संक्रामक प्रभाव विशेष प्रभावशाली होता है और लोगों के स्वास्थ्य पर विशेष प्रतिकूल प्रभाव परने की संभावना रहती है उस समय में नवरात्र व्रत का अनुसरण अतिलाभदायक दिखता है । जब ठंड समाप्त होने लगती है और सूर्य की किरणों में तीव्रता आने लगती है और गर्मी का अनुभव होने लगता है; उस समय वसन्त ऋतु (चैत्र मास, उत्तर गोलारम्भ) में वासन्तीय नवरात्र होता है । जब गर्मी से परेशान हो रहे होते हैं और वर्षा ऋतु आरंभ होती है तो वर्षा ऋतु के कुप्रभाव को निष्फल करने के लिए आषाढ़ माह (याम्यायनारम्भ) में नवरात्र व्रत होता है । पुनः जब गर्मी और वर्षा का उमस समाप्त होते हुए ठंड का आरंभ होने लगता है तो आश्विन में (दक्षिण गोलारम्भ) शारदीय नवरात्र होता है और जब भयंकर ठंड का प्रकोप लोग झेल रहे होते हैं तो माघ मास (उत्तरायण आरम्भ) में पुनः नवरात्र व्रत होता है । यों तो अनेकों ग्रंथों में नवरात्र महिमा देखा जाता है पर श्रीमद्देवीभागवत में नवरात्र व्रत व शक्ति महिमा का विशेष वर्णन पाया जाता है ।

जब सीता हरणोपरांत श्री राम लक्ष्मण के साथ किष्किन्धा में शोकाकुल हो रहे थे उस समय नारद ऋषि आकाश मार्ग से आए और राम को समझाने लगे लेकिन राम का शोक कम नहीं हो रहा था । राम ने नारद जी से शोक निवारणार्थ शास्त्रसम्मत उपाय पूछा तो नारद ने शारदीय नवरात्रव्रत का उपदेश किया । नारद को ही आचार्य बनाकर श्री राम और

लक्ष्मण ने किष्किन्धा में शारदीय नवरात्र-व्रत किया । महाअष्टमी की अर्द्धरात्रि के समय सिंहवाहिनी मां दुर्गा दोनों भाईयों को दर्शन देकर दशग्रीववध का वर प्रदान किया । व्रतप्रभाव से श्री राम ने समुद्र पर पुल बांध कर रावणादि राक्षसों का संहार कर विभीषण को लंका का राज्य प्रदान किया और सीता के साथ पुनः अयोध्या का राज्य प्राप्त किया ।

वृत्तासुर वध करने के बाद इन्द्र ने ब्रह्महत्या निवारणार्थ भगवती की अराधना किया तब जाकर ब्रह्महत्या ने इन्द्र का पीछा छोड़ा। मधु और कैटभ से 5000 वर्षों तक युद्ध करते हुए जब भगवान विष्णु थक गए तो भगवती की अराधना करने लगे और उन्हीं की कृपा से मधु-कैटभ से उसी के वध का वर प्राप्त कर दोनों का वध किया । जब सूर्यकान्त मणि की खोज करते हुए श्रीकृष्ण जाम्बन्त के गुफा में प्रवेश कर गए और 27 दिनों तक लड़ते रहे तो बाहर खड़े पुरवासी 12 वें दिन वापस नगर जाकर यह समाचार वसुदेव व नगर के लोगों को दिया तो सभी शोकाकुल हो गए उसी समय नारद जी आकर नवरात्र-व्रत व देवी भागवत का उपदेश किये जिसका अनुष्ठान वसुदेव जी ने किया और श्री कृष्ण जाम्बन्त का हराकर मणि व जाम्बवती के साथ पुनः नगर प्रवेश किया ।

सुद्युम्न जब इला रूप में परिणत होकर वन में भटकते हुए बुध से पुरूरवा नामक पुत्र उत्पन्न करने के बाद अपना पुरुषत्व पुनः प्राप्त करने के लिए कुल गुरु वशिष्ठ जी से आग्रह किया तो वशिष्ठजी कैलाश पर जाकर भगवान शंकर की अराधना करने लगे । भगवान शंकर ने प्रसन्न होकर इला को एक माह का प्ररुषत्व प्रदान किया । फिर इला पूर्ण पुरुषत्व सिद्ध्यर्थ शारदीय नवरात्र-व्रत का अनुष्ठान करते हुए देवी की अराधना व देवीभागवत पारायण करने लगे तो माता ने उसे पूर्ण पुरुषत्व का वरदान प्रदान किया ।

सप्तशती पाठ महिमा

वेदव्यास ने अष्टादश पुराणों की रचना की जिसमें से एक मार्कण्डेय पुराण है । मार्कण्डेय पुराण के शक्ति स्तुति परक 13 अध्यायों में 700 श्लोकों का संग्रह श्री दुर्गासप्तशती नाम से विख्यात है और घर-घर में विराजमान है । "**कलौ चण्डीमहेश्वरौ**" वचन से कलयुग में "शक्ति-साधना" का महत्त्व विशेष हो जाता है । "शक्ति-साधना" में श्री दुर्गासप्तशती पाठ की विशेष महत्ता है। इसके पाठ का महत्त्व मां ने अपने मुखारविन्द से बारहवें अध्याय में देवताओं को इस प्रकार कहा है -

" एभिः स्तवैश्च मां नित्यं स्तोष्यते यः समाहितः । तस्याहं सकलां बाधां नाशयिष्याम्यशंसयम् "

जो मनुष्य भक्ति-भाव से नित्य इस स्तुति (श्री दुर्गा सप्तशती) द्वारा मेरा स्तवन करता है मैं उसके समस्त बाधाओं का नाश करती हूँ; इसमें कोई संशय नहीं है ।

इससे पूर्व चतुर्थ अध्याय में महिषासुर का वध करने पर देवताओं ने माता की स्तुति किया तो माता ने उनसे वरदान मांगने को कहा । देवताओं ने माता से ये वर मांगा कि हे मां यदि आप वास्तव में प्रसन्न हैं तो हमें यह वर दें कि -

मैं जब कभी आपत्ति के समय आपका स्मरण करूं आप तत्क्षण मेरी आपत्तियों का पुनः निवारण करना, और हे अमलानने समस्त भूमण्डल में जो भी मनुय इस स्तुति से आपका स्तवनकरे आप उसके धन, वैभव, स्त्री-पुत्रादि, सम्पदा आदि की वृद्धि करते रहना ।

" यदि चापि वरो देयस्त्वयाऽस्माकं महेश्वरि । संस्मृता-संस्मृता त्वं नो हिंसेथाः परमापदः ।।
यश्च मर्त्यः स्तवैरेभिस्त्वां स्तोष्यत्यमलानने । तस्य वित्तर्द्धविभवैः धनदारादि सम्पदाम् ।।
वृद्धयेऽस्मत्प्रसन्ना त्वं भवेथाः सर्वदाऽम्बिके ।।

पूजन-सामग्री

प्रत्येक वस्तु की गुणवत्ता परख कर ही खरीदें अर्थात् कोई वस्तु ऐसा न लें जो खाने-पहनने की हो पर खाने या पहनने लायक न हो । विशेष रूप से घी, पंचमेवा, सुपारी, कपड़ा, शृंगार सामग्री, तिल जौ, चावल, सिंदूर, अगरबत्ती आदि को अवश्य जाँच लें। कलशस्थापन सामग्री अलग से है, जो कलश स्थापित न करते हों वो कलशस्थापन सामग्री नहीं लेंगे।

कलशस्थापन सामग्री :- कलश, ढ़कनी, नारियल, सप्तमृत्तिका, सप्तधान्य, सर्वौषधि, पंचरत्न, जौ, मिट्टी, तांबे का पैसा, आम्र पल्लव।

पूजन सामग्री :- अखण्ड दीप, सामान्य दीप(पीतल या पत्थर का), रुई बत्ती, नारियल (छिला हुआ), अरबा चावल - 500 ग्राम, तिल, जौ, पीली सड़सों, रोली, सिंदूर, रक्तचंदन व चंड़ौटा, अगरबत्ती, सलाई, धूप, धूना, गुग्गुल, कर्पूर, पान, सुपाड़ी जायफल, हल्दी गांठ, घी, शक्कड़, मधु, पंचमेवा, मिश्री व बतासा, नैवेद्य वास्ते यथासंभव फल एवं मिठाई प्रतिदिन, माता की प्रतिमा या फोटो, आसनी, सप्तशती, रेहल, रुद्राक्ष या रक्तचंदन की माला, गोमुखी, लाल कपड़ा, साड़ी-साया-ब्लॉज, चुनड़ी चौकी, जनेऊ, डांरकडोर ।

शृंगार सामग्री - ऐना, कंघी, अलता, केश रबड़, साबुन, गुलाबजल, पाउडर, लहठी या चूड़ी, स्प्रे, काजल, मेंहदी आदि।

गंगाजल, दूध, दही, धूप जलाने वास्ते गोयठा, पूजा की थाली, नैवद्य एवं पंचामृत वास्ते थाली-कटोरी, फूलडाली फूल, बेलपत्र, तुलसी, दूभी, गाय का गोबर, अगरबत्ती स्टैंड, धूपदानी, पंचपात्र, आचमनी, आवश्यकतानुसार अन्य थाली-कटोरी-लोटा आदि, स्वयं के लिए शुद्ध पीला या लाल वस्त्र, पवित्री ।

हवन सामग्री :- शाकल्य, घी, स्रुवा, पान, सुपाड़ी, उड़द, दही, गरीगोला, लाल कपड़ा, नवग्रह लकड़ी, गोयठा, चेलखी।

कलस्थापन से एक दिन पहले

1. शारीरिक और मानसिक शुद्धि करें । नख-बाल कटा लें, पंचगव्यपान, गंगास्नान आदि करके मन को भगवति के चरणों में लगावें । असत्य, निंदा, अभक्ष्य-भक्षण, चुगली, काम-क्रोध-लोभादि दोषों का यथासंभव त्याग कर दें । तामसिक पदार्थों का सेवन बंद कर दें । ब्रह्मचर्य व्रत धारण कर लें । पूजन-गृह की सफाई भी कर लें ।
2. गंगाजल, मिट्टी आदि पूजन-सामग्री की व्यवस्था कर लें । दही जमने दे दें, चौरठ वास्ते चावल फूलने दे दें, पंचपल्लव या आम्रपल्लव, बेलपत्र, तुलसी (फूल छोड़कर) आदि कच्चे सामानों की व्यवस्था कर लें ।
3. प्रतिमा, फोटो आदि जैसी व्यवस्था हो उपलब्ध कर लें ।
4. धूना एवं गुग्गुल को चूर्ण कर धूप में मिला दें , घी भी आवश्यकतानुसार मिला दें ।
5. लाल कपड़े को नारियल, फोटो, पुस्तक, चौकी वास्ते उचित आकार में काट लें ।

पूजा के पहले

1. पूजन गृह यदि कच्ची हो तो गाय के गोबड़ से चौका करें, पक्की हो तो यथाविधि साफ कर लें । फूल, माला, दूध आदि कच्चे वस्तुओं की व्यवस्था कर लें । स्त्रियों को हाथ पैर रंगकर खोंयछा भी लेना चाहिए ।
2. स्नानादि के बाद पूजा जनेऊं, डांरकडोर आदि बदल लें, तिलक लगा लें, शिखा बांध लें, भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर न्यूनतम 10 बार गायत्री मंत्र या गुरु मंत्र का जप कर लें ।
3. थाली में अरबा चावल, तिल, जौ, रोली, सिंदूर आदि थोड़ा-थोड़ा सजा लें, जलपात्र में जल ले लें, फूलडाली में फूल-माला बेलपत्र, दूभी, तुलसी आदि रख लें । कटोरी में थोड़ा पंचामृत बना लें । रक्तचंदन घिस कर थाली में रख लें ।
4. अगले पृष्ठ के चित्रानुसार कमरे के किसी एक दीवार के पास चौकी में कपड़ा बांध कर रखें, फोटो में चुनड़ी मौली से बांधकर दीवार के सहारे पीढ़िया या चौकी पर स्थापित करें । फोटो पूर्व या पश्चिम अथवा दक्षिणाभिमुखी भी रख सकते हैं पर उत्तराभिमुखी न रखें, अपना आसन पूर्वाभिमुख या उत्तराभिमुख लगायें । गणेशाम्बिका वास्ते एक कटोरी में चाबल भरकर चौकी पर ही रखें, उसमें सिन्दूर आदि से अष्टदल बना दें। एक सुपाड़ी में मौली लपेट कर कटोरी में रख दें और थोड़ा सा गाय का गोबड़ भी दे दें (यदि गाय का गोबड़ अनुपलब्ध हो तो एक और सुपाड़ी मौली लपेट कर रखें) । पंचदेवता व विष्णु वास्ते उसी चौकी पर दो सुपाड़ी रख दें। छिले हुए नारियल में लाल कपड़ा लपेटकर माता के समक्ष रक्ष दें ।
5. माता के वाम भाग में अखण्डदीप लगाएं, दाहिने अगरबत्ती और धूप तथा सामने नैवेद्य लगा दें । नैवेद्य में मेवा, मिठाई फल के साथ पान, सुपाड़ी, लौंग, इलायची भी दे दें । इसी तरह एक और थाली में 6 भाग करके नैवेद्य लगा दे । अखण्डदीप के अलावे एक और दीप भी जलाएं और माता के दाहिने ओर रखें । दीप के नीचे आसन अवश्य दें ।



पूजा-विधान

आसन पर बैठकर गंगाजल से अगले मंत्रों से 3 बार आचमन करें -

आचमन :- **1. ॐ केशवाय नमः, ॐ माधवाय नमः, ॐ नारायणाय नमः ।**

तीन आचमन करके अँगूठे के मूल से ओठ पोछकर निम्न मंत्र से हाथ धोये : **ॐ हृषीकेशाय नमः ।**

पवित्रीधारण :- **ॐ पवित्रेस्थो वैष्णव्यो सवितुर्वः प्रसव उत्पुनाम्यछिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः। तस्य ते पवित्र पते पवित्र पूतस्य यत्कामः पुने तच्छ केयम् ।।**

पवित्रीकरण :- जल लेकर शरीर एवं पूजनोपकरणों पर पर छिड़कें :

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थाङ्गतोऽपि वा । यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याऽभ्यंतरः शुचिः।। पुण्डरीकाक्षः पुनातु ।। ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु ।।

आसनशुद्धि : **ॐ पृथ्वी त्वया धृतालोका देवी त्वं विष्णुनाधृता। त्वं च धारय मां नित्यं पवित्रंकुरु चासनम्।।**

दिग्बन्धन : बांये हाथ में पीली सड़सों, तिल, जौ लेकर दांये हाथ से ढंककर अगले मंत्र को पढ़े :-

ॐ अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भूमि संस्थिताः। ये भूता विघ्न कर्त्तारः ते नश्यन्तु शिवाज्ञया ।। अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतो दिशम् । सर्वेषां अविरोधेन नवरात्र समारभे ।।

अब दांये हाथ से थोड़ा-थोड़ा पीली सड़सों आदि लेकर पूर्वादि दशों दिशाओं में छिड़कें -

ॐ प्राच्यै नमः।। पूर्व।। **ॐ आग्नेयै नमः।।** अग्निकोण।। **ॐ याम्यै नमः।।** दक्षिण।। **ॐ नैर्ऋतये नमः।।** नैर्ऋत्यकोण।। **ॐ प्रतीच्यै नमः।।** पश्चिम।। **ॐ वायव्यै नमः।।** वायव्यकोण।। **ॐ उदीच्यै नमः।।** उत्तर।। **ॐ ऐशान्यै नमः।।** ईशानकोण।। **ॐ उर्ध्वायै नमः।।** ऊपर।। **ॐ भूम्यै नमः।।** नीचे।।

सावित्री, गायत्री अथवा नवार्ण मंत्र जपते हुए तीन बार प्राणायाम करें ।

स्वतिवाचन : दाहिने हाथ में अक्षत-फूल लेकर अगले मंत्रों को पढ़ें :-

हरिः ॐ स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्व वेदाः। स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु।। पृषदश्वा मरुतः पृश्निमातरः शुभं यावानो विदथेषु जग्मयः। अग्निर्जिह्म मनवः सूर चक्षषो विश्वे नो देवा अवसा गमन्निह।। भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्ये माक्षभिर्यजत्राः। स्थिरै रंगैस्तुष्टुवा ग्गूं सस्तनू भिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः।। शतमन्नु शरदो अन्ति देवा यत्रा नश्चक्रा जरसं तनूनाम्। पुत्रासो यत्र पितरो भवन्ति मा नो मध्या रीरिषता युर्गन्तोः।। अदितिर्द्यौ रदिति रन्तरिक्ष मदितिर्माता स पिता स पुत्रः। विश्वे देवा अदितिः पञ्च जना अदितिर्जात मदितिर्जनित्त्वम्।। द्यौः शान्ति रन्तरिक्ष ग्गूं शान्तिः पृथिवि शान्ति रापः शान्ति रोषधयः शान्तिः। वनस्पतयः शान्तिर्विश्वे देवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्व ग्गूं शान्तिः शान्ति रेव शान्तिः सा मा शान्ति रेधि।। यतो यतः समीहसे ततो नो अभयं कुरु। शं नः कुरु प्रजाभ्यो अभयं नः पशुभ्यः।। सुशान्तिर्भवतु।।

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय श्री मन् महागणाधिपतये नमः ।। लक्ष्मी नारायणाभ्यां नमः ।। वाणी हिरण्य गर्भाभ्यां नमः ।। शची पुरन्दराभ्यां नमः ।। उमा महेश्वराभ्यां नमः ।। महाकाल्यै नमः ।। महालक्ष्म्यै नमः ।। महासरस्वत्यै नमः ।। श्री दुर्गा देव्यै नमः ।। मातृ पितृ चरण कमलेभ्यो नमः ।। ग्राम देवताभ्यो नमः ।। स्थान देवताभ्यो नमः ।। वास्तु देवताभ्यो नमः ।। कुल देवताभ्यो नमः ।। इष्ट देवताभ्यो नमः ।। सर्वेभ्यो देवेभ्यो नमः ।। सर्वाभ्यो देवीभ्यो नमः ।। सर्वेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो नमः ।।

सुमुखश्चैक दन्तश्च कपिलो गज कर्णकः । लम्बोदरश्च विकटो विघ्ननाशो विनायकः।।
धूम्र केतुर्गणाध्यक्षो भाल चन्द्रो गजाननः । द्वादशै तानि नामानि यः पठेच्छृणुयादपि ।।
विद्यारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा । संग्रामे संकटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते ।।
शुक्लाम्बर धरं देवं शशि वर्णं चतुर्भुजं । प्रसन्न वदनं ध्यायेत् सर्व विघ्नोपशान्तये ।।
अभीप्सितार्थ सिद्ध्यर्थं पूजितो यः सुरासुरैः। सर्व विघ्न हरस्तस्मै गणाधि पतये नमः ।।
सर्व मंगल मंगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके । शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तु ते ।।
सर्वदा सर्व कार्येषु नास्ति तेषाममंगलम् । येषां हृदिस्थो भगवान् मंगलायतनं हरिः ।।
तदेव लग्नं सुदिनं तदेव ताराबलं चन्द्रबलं तदेव । विद्याबलं दैवबलं तदेव लक्ष्मी पतेर्तेङ्घ्रि युगं स्मरामि ।।
लाभस्तेषां जयस्तेषां कुतस्तेषां पराजयः । येषामिन्दी वरश्यामो हृदयस्थो जनार्दनः ।।

यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः । तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम ।।
अनन्याँश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते । तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ।।
स्मृतेः सकल कल्याणं भाजनं यत्र जायते । पुरुषं तमजं नित्यं व्रजामि शरणं हरिम् ।।
सर्वेष्वारम्भ कार्येषु त्रयस्त्रि भुवनेश्वराः । देवा दिशन्तु नः सिद्धिं ब्रह्मेशान जनार्दनाः ।।
विश्वेशं माधवं ढुण्ढिं दण्डपाणिं च भैरवं। वन्दे काशीं गुहां गंगां भवानी मणिकर्णिकाम्।।
वक्रतुण्ड महाकाय कोटि सूर्य समप्रभ । निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्व कार्येषु सर्वदा ।।
विनायकं गुरुं भानुं ब्रह्म विष्णु महेश्वरान् । सरस्वतीं प्रणम्यादौ सर्व कामार्थ सिद्धये ।।

ॐ सिद्धि बुद्धि सहिताय श्री मन् महागणाधिपतये नमः ।।

ॐ शान्तिःशान्तिःशान्तिः ।। सुशान्तिर्भवतु ।। सर्वारिष्टशान्तिर्भवतु ।।

अक्षत को अक्षत में मिला दें और फूल को फूल में मिला दें ।

पंचदेवता और विष्णु के निमित्त रखे हुए सुपाड़ी पर पंचदेवता और विष्णु की पूजा करे ।

पंचदेवता पूजा

अक्षत लेकर आवाहन करे : **इदं अक्षतं ॐ सूर्यादि पंचदेवताः इहाऽगच्छत इहतिष्ठत ।।**

आवाहन प्रथम दिन ही करना है अन्य दिनों नहीं ।

जल : **एतानि पाद्यार्घ आचमनीय स्नानीय पुनराचमनीयानि ॐ सूर्यादि पंचदेवताभ्यो नमः ।।**

चन्दन : **इदं चन्दनं अनुलेपनं ॐ सूर्यादि पंचदेवताभ्यो नमः ।।**

पुष्प : **इदं पुष्पं ॐ सूर्यादि पंचदेवताभ्यो नमः ।।**

अक्षत : **इदं अक्षतं ॐ सूर्यादि पंचदेवताभ्यो नमः ।।**

जल : **एतानि गन्ध पुष्प धूप दीप ताम्बूल यथाभाग नैवेद्यानि ॐ सूर्यादि पंचदेवताभ्यो नमः।।**

जल : **आचमनीयं ॐ सूर्यादि पंचदेवताभ्यो नमः ।।**

पुष्पांजलि : **एष पुष्पांजलि ॐ सूर्यादि पंचदेवताभ्यो नमः ।। ॐ सूर्यादि पंचदेवताः पूजितास्थ प्रसीदत प्रसन्नाः भवत क्षमध्वं।।**

विष्णु पूजा

तिल जौ लेकर आवाहन करे : **एते यव तिलाः ॐ भूर्भुवः स्वः भगवन् श्री विष्णो इहाऽगच्छ इह तिष्ठ।।**

आवाहन प्रथम दिन ही करना है अन्य दिनों नहीं । स्त्रियों को विष्णु पूजा नहीं करना है ।

जल : **एतानि पाद्यार्घ आचमनीय स्नानीय पुनराचमनीयानि ॐ भूर्भुवः स्वः भगवते श्री विष्णवे नमः।।**

चन्दन : **इदं चन्दनं अनुलेपनं ॐ भूर्भुवः स्वः भगवते श्री विष्णवे नमः ।।**

पुष्प : **इदं पुष्पं ॐ भूर्भुवः स्वः भगवते श्री विष्णवे नमः ।।**

तुलसी : **इदं तुलसीदलं ॐ भूर्भुवः स्वः भगवते श्री विष्णवे नमः ।।**

तिल जौ : **एते यवतिलाः ॐ भूर्भुवः स्वः भगवते श्री विष्णवे नमः ।।**

जल : **एतानि गन्ध पुष्प धूप दीप ताम्बूल यथाभाग नैवेद्यं ॐ भूर्भुवः स्वः भगवते श्री विष्णवे नमः।।**

जल : **आचमनीयं ॐ भूर्भुवः स्वः भगवते श्री विष्णवे नमः ।।**

पुष्पांजलि : **एष पुष्पांजलि ॐ भूर्भुवः स्वः भगवते श्री विष्णवे नमः ।।**

ॐ भूर्भुवः स्वः भगवन् श्री विष्णो पूजितोसि प्रसीद प्रसन्नो भव क्षमस्व ।।

अब दाहिने हाथ में पान, सुपाड़ी, जायफल, तिल, फूल, चंदन, रूपये (तांबे या चांदी का हो तो अच्छा) जल आदि लेकर बांये हाथ से दाहिने हाथ का गट्टा पकड़ ले और संकल्प करें :-

संकल्प :- **हरिः ॐ विष्णुः विष्णुः हरिः हरिः अद्य एतस्य ब्रह्मणः अह्नि द्वितीय परार्द्धे श्री श्वेत वाराह कल्पे वैवस्वत मन्वंतरे अष्टा विंशति तमे कलियुगे कलि प्रथम चरणे मासानां मासोत्तमे आश्विने मासे शुक्ले पक्षे प्रतिपदायां तिथौ .....(दिन का नाम) वासरे ..... (गोत्र) गोत्रस्य ..... (अपना नाम) शर्माऽहं** (स्त्री देव्यहं कहे, ब्राह्मण-शर्माहं, क्षत्रिय-वर्माहं, वैश्य-गुप्तोहं और शूद्र-दासोहं) **अहं ममात्मनः सपुत्र स्त्री बान्धवस्य श्रीदुर्गा अनुग्रहतो ग्रहकृत राजकृत सर्वविध पीड़ा निवृत्ति पूर्वक दीर्घायु शरीर आरोग्य कामनया धन धान्य बल पुष्टि कीर्त्ति यशादि लाभार्थं सर्वदा**

हर्ष विजय कामनया सर्वाभिष्ट सिद्ध्यर्थं सर्वापत् निवारणार्थं श्रुति स्मृति पुराणोक्त फल प्राप्त्यर्थं श्रीमहाकाली-महालक्ष्मी-महासरस्वती-देवता प्रीत्यर्थं नवरात्र व्रतं पूजनं ग्रंथोकोक्त विधिपूर्वकं नवावृत्ति श्री दुर्गा सप्तशती पाठं यथा संख्यक नवार्ण मंत्र जपं च करिष्ये ।।

उपरोक्त मंत्र पढ़कर समस्त वस्तुएं माता के समक्ष रख दें । नौ दिनों में कुल मिलाकर एक बार सप्तशती पाठ करने वाले नवावृत्ति के स्थान पर एकावृत्ति कहें । थोड़ा अक्षत लेकर अगला मंत्र पढ़े :-

ॐ यजाग्रतो दूरमुदैति दैवं तदु सुप्तस्य तथैवेति । दूरं गमं ज्योतिषां ज्योतिरेकं तं मे मनः शिव संकल्पं अस्तु ।।

अक्षत संकल्प की वस्तुओं पर दे दें ।

फूल, चंदन, अक्षत ले गुरु प्रार्थणा करे :-

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देव महेश्वरः । गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः।।

अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानांजन शलाकया । चक्षुर्निर्मिलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः।।

अखण्ड मण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरं । तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः।।

अखण्ड दीप को जला लें, मौली बांध दे, चंदन लगा दें । अक्षत फूल, चंदन लेकर अगले मंत्र से अखण्ड दीप की पूजा करें :-

ॐ भो दीप देवरूपः त्त्वं कर्मसाक्षीः अविघ्नकृत्। यावत् व्रत समाप्तिः स्यात् तावत् त्त्वं सुस्थिरो भव।।
ॐ दीपस्थ देवतायै नमः।।

गणेशाऽम्बिका पूजन

कटोरी में रखे हुए सुपाड़ियों पर गणेशाऽम्बिका का आवाहन कर पूजन करे :-

अक्षत : ॐ गणेशाऽम्बिके इह आगच्छतम् इह तिष्ठतम् ।।
जल : एतानि पाद्यार्घ आचमनीय स्नानीय पुनराचमनीयानि ॐ गणेशाश्ऽम्बिकाभ्यां नमः ।।
चन्दन : इदं चन्दनं अनुलेपनं ॐ गणेशाऽम्बिकाभ्यां नमः ।।
पुष्प : इदं पुष्पं ॐ गणेशाऽम्बिकाभ्यां नमः ।।
अक्षत : इदं अक्षतं ॐ गणेशाऽम्बिकाभ्यां नमः ।।
दूभी : इदं दूर्वादलं ॐ गणेशाय नमः ।।
सिन्दूर : इदं सिन्दूरं ॐ गणेशाऽम्बिकाभ्यां नमः ।।
जल : एतानि गन्ध पुष्प धूप दीप ताम्बूल यथाभाग नैवेद्यं ॐ गणेशाऽम्बिकाभ्यां नमः ।।
जल : आचमनीयं ॐ गणेशाऽम्बिकाभ्यां नमः ।।
पुष्पांजलि : एष पुष्पांजलि ॐ गणेशाऽम्बिकाभ्यां नमः ।।

कलश स्थापन विधि

भूमि स्पर्श : ॐ भूरसि भूमिरसि अदितिरसि विश्वधाया विश्वस्य भुवनस्य धत्री पृथिवीं यच्छ पृथिवीं दृ ग्गूं ह पृथिवीं मा हि ग्गूं सीः ।।
गोबर स्पर्श : ॐ मानस्तोके तनये मा न आयुषि मा नो गोषु मा नो अश्वेषु रीरिषः । मा नो वीरान् रुद्र भामिनो वधीर्हविष्मन्तः सदमित्वा हवामहे ।।
सप्तधान्य : ॐ धान्यमसि धिनुहि देवान् प्राणाय त्वो दानाय त्वा व्यानाय त्वा दीर्घामनु प्रसिति मायुषे धान्देवो वः सविता हिरण्यपाणिः प्रति गृभ्णा त्वच्छिद्रेण पाणिना चक्षुषे त्वा महीनां पयोसि ।।
कलश : ॐ आजिघ्र कलशं मह्या त्वा विशन् त्विन्दवः । पुनरूर्जा निवर्त्तस्व सा नः सहस्रं धुक्ष्वोरु धारा पयस्वतीः पुनर्मा विशताद्रयिः ।।
जल : ॐ वरुणस्योत्तम्भनमसि वरुणस्य स्कम्भ सर्जनीस्थो वरुणस्य ऽऋत सदन्यसि वरुणस्य ऽऋत सदनमसि वरुणस्य ऽऋत सदनमासीद ।।
सप्तमृत्तिका : ॐ स्योना पृथिवि नो भवा नृक्षरा निवेशनी यच्छा नः शर्म सप्रथाः ।।
सवौषधि : ॐ या ओषधीः पूर्वा जाता देवेभ्यस्त्रियुगं पुरा। मनैनु बभ्रुनावहा शतं धामानि सप्त च।।
पञ्चरत्न : ॐ परिवाज पतिः कविरग्निर्हव्यान्य क्रमीत् । दधद्रत्नानि दासुषे ।



यह अष्टदल है, चौरठ (पीसी हुई चावल) सिंदूर आदि से धरती पर बना लें। इस पर मिट्टी की एक वेदी बनाएं जिसकी लम्बाई-चौड़ाई 1 हाथ और ऊंचाई 4 अंगूल हो । वेदी पर जौ की बुआई पहले ही कर लें, फिर सप्तधान्य छिड़क कर जल छिड़कें और प्रतिदिन सींचे। उसके बाद सुन्दर और सिंदूर आदि से सजाया हुआ कलश देकर कलश में जल भर दें । कलश में सप्तमृत्तिका, सर्वौषधी, पंचरत्न, पान, सुपारी दूभी, जायफल, द्रव्य देकर पंचपल्लव या आम्रपल्लव दें, कलश में लाल कपड़ा लपेट दें । फिर पूर्णपात्र (कटोरी या ढ़कनी जिसमें चावल भरा हो, सुपाड़ी,हल्दी,द्रव्य भी हो) देकर वस्त्र, मौली से सुसज्जित नारियल दे दें। मंत्र पढ़ सकें तो समंत्र कलशस्थापन करें अन्यथा बिना मंत्र के भी स्थापित कर के पूजा कर लें।

सुपाड़ी और जायफल : ॐ या फलिनीर्या ऽफला अपुष्पा याश्च पुष्पिणी । बृहस्पति प्रसूतास्ता नो मुञ्चत्व ग्गूं हसः ।।

द्रव्य : ॐ हिरण्य गर्भः समवर्त ताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत् । सदाधार पृथिवीं द्यामुते मां कस्मै देवाय हविषा विधेम ।।

दूभी : ॐ काण्डात् काण्डात् प्ररोहन्ति परुषः परुषस्परि। एवानो दूर्वे प्रतनु सहस्रेण शतेन च।।

पान : ॐ प्राणाय स्वाहा अपानाय स्वाहा व्यानाय स्वाहा ।।

आम्र पल्लव : ॐ अम्बे अम्बिके अम्बालिके न मा नयति कश्चन । सशस्ति अश्वकः सुभद्रिकां काम्पील वासिनीम् ।।

पूर्णपात्र : ॐ पूर्णा दर्वी परापत सुपूर्णा पुनरापत । वस्नेव विक्रीणावहा ईषमूर्ज ग्गूं शतक्रतो ।।

नारियल : ॐ श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्या वहो रात्रे पार्श्वे नक्षत्राणि रूपमश्विनौ व्यात्तम् । इष्ण न्निषाणा मुम्म इषाण सर्वलोकम्म इषाण ।।

दीप : ॐ अग्निर्ज्योतिः ज्योतिरग्निः स्वाहा सूर्यो ज्योतिः ज्योतिः सूर्यः स्वाहा अग्नि वर्चो ज्योतिः वर्चः स्वाहा सूर्यो वर्चो ज्योतिः वर्चः स्वाहा ज्योतिः सूर्यः सूर्यो ज्योतिः स्वाहा ।।

प्राणप्रतिष्ठा : ॐ मनो जूतिर्जुषतां आज्यस्य बृहस्पतिर्यज्ञमिमं तनो त्वरिष्टं यज्ञ ग्गूं समिमं दधातु

विश्वे देवा स इहमादयन्तामों प्रतिष्ठ ।।

अक्षत : कलशस्य मुखे विष्णुः कण्ठे रुद्रः समाश्रिताः। मूले त्वस्य स्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणाः स्मृताः।।
कुक्षौ तु सागराः सर्वे सप्तद्वीपा वसुन्धरा । ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेदः सामवेदोह्यथर्वणः ।।
अंगैश्च सहिताः सर्वे कलशं तु समाश्रिताः । अत्र गायत्री सावित्री शान्ति पुष्टिकरी तथा ।।
आयान्तु मम पूजार्थं दुरितक्षय कारकाः ।। ॐ वरुणादि देवताः इहाऽगच्छत इहतिष्ठत ।।

जल : एतानि पाद्यार्घ आचमनीय स्नानीय पुनराचमनीयानि ॐ शान्तिपूर्ण कलशस्थ वरुणादि देवताभ्यो नमः।। (आवाहन प्रथम दिन ही करना है अन्य दिनों नहीं, दूसरे दिने से अगले मंत्र से पूजा आरम्भ करें)

पंचामृत : इदं पंचामृत स्नानं ॐ शान्ति पूर्ण कलशस्थ वरुणादि देवताभ्यो नमः ।।

जल : इदं शुद्धोदकं ॐ शान्ति पूर्ण कलशस्थ वरुणादि देवताभ्यो नमः ।।

चन्दन : इदं चन्दनं अनुलेपनं ॐ शान्ति पूर्ण कलशस्थ वरुणादि देवताभ्यो नमः ।।

पुष्प : इदं पुष्पं ॐ शान्ति पूर्ण कलशस्थ वरुणादि देवताभ्यो नमः ।।

माला : इदं पुष्पमाल्यं ॐ शान्ति पूर्ण कलशस्थ वरुणादि देवताभ्यो नमः ।।

बेलपत्र : इदं बिल्वपत्रं पुष्पं ॐ शान्ति पूर्ण कलशस्थ वरुणादि देवताभ्यो नमः ।।

अक्षतः इदं अक्षतं ॐ शान्ति पूर्ण कलशस्थ वरुणादि देवताभ्यो नमः ।।

